AJ-1024

B.A. (Part–I) Term End Examination, 2021-22

HINDI LITERATURE (Paper-II)

Time : 3 hours] **[Maximum Marks : 75**

नोट- सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं ।

इकाई-I

1. निम्नलिखित गद्यावतरणों में से किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **3×10=30**

(क) आदमी जब तक स्वस्थ रहता है उसे इसकी चिन्ता नहीं रहती कि वह क्या खाता है, कितना खाता है, लेकिन जब कोई विकार उत्पन्न हो जाता है, तो उसे याद आती है कि कल मैंने पकौड़ियाँ खायी थीं। विजय बहिर्मुखी होती है, पराजय अन्तर्मुखी।

अथवा

यह समझ लीजिए कि जिस देश में स्त्रियों को जितनी अधिक स्वाधीनता है, वह देश उतना ही सभ्य है। स्त्रियों को कैद में, परदे में या पुरुषों से कोसों दूर रखने का तात्पर्य यही निकलता है कि आपके यहाँ जनता इतनी आचार भ्रष्ट है कि स्त्रियों का अपमान करने में जरा भी संकोच नहीं करती।

(ख) सामने शैलमाला की चोटी पर हरियाली में, विस्तृत जल-देश में, नील पिंगल संध्या, प्रकृति की सहृदय कल्पना, विश्राम की शीतल छाया स्वप्न लोक का सृजन करने लगी। उस मोहनी के रहस्यपूर्ण नील-जाल का कुहक स्फुट हो उठा। जैसे मदिरा से सारा अन्तरिक्ष सिक्त हो गया। सृष्टि नील कमलों से भर उठी।

अथवा

ज्यों-ज्यों अँधेरा बढ़ता था और सितारों की चमक तेज होती थी, मधुशाला की रौनक भी बढ़ती जाती थी। कोई गाता था, कोई डींग मारता था, कोई अपने संगी के गले में लिपटा जाता था। कोई अपने दोस्त के मुँह में कुल्हड़ लगाये देता था।

(ग) मोथी घास और पटेर की रंगीन शीतलपाटी, बाँस की तीलियों की झिलमिलाती चिक, सतरंगे डोरे के मोढ़े, भूसी-चुनी रखने के लिए मूँजा की रस्सी के बड़े-बड़े जाले, हलवाहों के लिए ताल के सूखे पत्तों की छलटी-टोपी तथा इसी तरह के बहुत से काम हैं जिन्हें सिरचन के सिवा गाँव में और कोई नहीं जानता।

अथवा

मगर कोठरी में बैठने की देर थी कि आँखों में छल-छल आँसू बहने लगे। दुपट्टे से बार-बार उन्हें पोंछती, पर वे बार-बार उमड़ आते, जैसे बरसों का बाँध तोड़कर उमड़ आये हों। माँ ने बहुतेरा दिल को समझाया, हाथ जोड़े, भगवान का नाम लिया, बेटे के चिरायु होने की प्रार्थना की। बार-बार आँखें बन्द कीं, मगर आँसू बरसात के पानी की तरह जैसे थमने में ही न आते थे।

इकाई-II

2. औपन्यासिक तत्वों के आधार पर 'गबन' उपन्यास की समीक्षा कीजिए। **10**

अथवा

'गबन' उपन्यास का शीर्षक गबन क्यों रखा गया? क्या आप इसके शीर्षक को उपयुक्त मानते हैं? कारणों की पुष्टि करते हुए उत्तर लिखिए।

इकाई-III

3. हिन्दी कहानी का उद्भव एवं क्रमिक विकास बताइये। **10**

अथवा

'परदा' कहानी की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

भारत-विभाजन की पीड़ा को मोहन राकेश ने 'मलबे का मालिक' कहानी में किस रूप में अभिव्यक्ति दी? स्पष्ट कीजिए।

इकाई-IV

4. निम्न में से किन्हीं तीन लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **15**

(अ) 'गदल' कहानी का सारांश लिखिए।

(ब) शिवानी की रचनाओं का नाम लिखिए।

(स) 'चीफ की दावत' कहानी का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(द) बालशौरि रेड्डी का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(य) 'ठेस' कहानी का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

इकाई-V

5. निम्नांकित में से किन्हीं दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10**

(1) 'गबन' उपन्यास के नायक का क्या नाम है?

(2) 'कफ़न' कहानी के प्रमुख दो पात्रों के नाम लिखिए।

(3) पाठ्य पुस्तक 'हिन्दी कथा साहित्य' में कुल कितनी कहानियाँ संकलित हैं?

(4) सिरचन किस कहानी का पात्र है?

(5) 'मलबे का मालिक' कहानी में किस घटना का वर्णन है?

(6) शामनाथ किस कहानी का पात्र है?

(7) 'गदल' किस प्रकार की कहानी है?

(8) शिवानी का जन्म कहाँ हुआ था?

(9) बालशौरि रेड्डी की दो प्रमुख पुस्तकों के नाम लिखिए।

(10) 'बैंगन का पौधा' किस कहानीकार की रचना है?

(11) 'बिरादरी बाहर' कहानी किसने लिखी?

(12) उपन्यास के कितने तत्व होते हैं?

(13) भीष्म साहनी ने कौन-सी कहानी लिखी है?

(14) 'अश्क' का पूरा नाम लिखिए।

(15) बुद्धगुप्त किस कहानी का पात्र है?